# MODEL SAMPLE QUESTION PAPER

## CLASS – X        SUBJECT – HINDI – A

## SET – 1     FULL MARKS - 90

## खण्ड – क (अपठित गद्यांश एवं काव्यांश)

---

1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

आज के युग में कम्प्यूटर का आविष्कार एक वरदान की तरह हुआ है। कम्प्यूटर दुनिया के जटिल से जटिल और श्रमसाध्य कार्यों को चुटकी बजाते ही हल कर देता है। कम्प्यूटर भविष्यवाणी तक कर सकता है, मनोरंजन करा सकता है, आदमी के शरीर का विश्लेषण और अध्ययन कर सकता है तथा दुनिया की किसी भी जानकारी को पकड़ सकता है। कम्प्यूटर सूचनाओं को मानव–मस्तिष्क से अधिक तीव्र गति से विश्लेषित कर सकता है। कम्प्यूटर को ही संसार के क्षेत्र में आयी क्रान्ति का वास्तविक कारण माना जा सकता है। यह एक ऐसा इलेक्ट्रोनिक उपकरण है, जिसमें सूचनाओं का चुम्बकीय टेप भरा जाता है। इसमें चिप पर कार्यक्रम तैयार किये जाते है। चिप आदमी के नाखूनों के बराबर होते है। इस पर पैकेज तैयार होते हैं, जिसके माध्यम से कम्प्यूटर कार्य करता है।

कम्प्यूटर में टेलीविजन की तरह एक स्क्रीन होती है, उससे जुड़ा हार्डवेयर होता है और उसी से जुड़ा टाइपराइटर की तरह ही अंकित अक्षरोंवाला एक उपकरण होता है जिसे 'की–बोर्ड' कहते है। कम्प्यूटर में मेमोरी अर्थात् स्मृति की व्यवस्था होती है। कम्प्यूटर की मेमोरी में सूचनाओं को सुरक्षित रखा जाता है। इसमें एक प्रिंटर भी होता है, जिसके द्वारा सूचनाएँ मुद्रित की जाती है।

**प्रश्न :– सही विकल्प को चुने :– (4x1)**

(अ) I) कम्प्यूटर का आविष्कार आज के युग के लिए क्या है ? 1

(क) अभिशाप (ख) वरदान

(ग) अध्ययन (घ) विश्लेषण

II) कम्प्यूटर में टेलीविजन की तरह क्या होता है? 1

(क) स्क्रीन (ख) माउस

(ग) की–बोर्ड (घ) प्रिंटर

III) 'चिप' का आकार कितना बड़ा होता है? 1

(क) आदमी के आँख के बराबर

(ख) आदमी के मुँह के बराबर

(ग) आदमी के नाखून के बराबर

(घ) आदमी की अँगुली के बराबर

IV) 'श्रमसाध्य' का क्या अर्थ होता है? 1

(क) कठिन परिश्रम (ख) आराम

(ग) साधना (घ) माध्यम

(ब) रिक्त स्थान को भरें :– (2x1 =2)

I) कम्प्यूटर एक ...................... उपकरण है। 1

II) कम्प्यूटर की ........ में सूचनाओं को सुरक्षित रखा जाता है। 1

(स) I) कम्प्यूटर आज के युग का वरदान है। कैसे? 2

II) कम्प्यूटर कैसे कार्य करता है? 2

2) निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

पक्षी और बादल
ये भगवान के डाकिए हैं
जो एक महादेश से
दूसरे महादेश को जाते हैं।
हम तो समझ नहीं पाते हैं
मगर उनकी लाई चिट्ठिया
पेड़, पौधे, पानी और पहाड़
बाँचते है।
हम केवल यह आँकते है
कि एक देश की धरती
दूसरे देश को सुगंध भेजती है।

**प्रश्न :– सही विकल्प को चुने :– (4x1)**

(अ) I) भगवान के डाकिए कौन हैं ? 1

(क) पर्वत और झरने (ख) पक्षी और बादल

(ग) पेड़ और पौधे (घ) पानी और हवा

II) एक देश की धरती दूसरे को क्या भेजती है ? 1

(क) मिट्टी (ख) फूल

(ग) सुगंध (घ) उपहार

III) 'डाकिया' शब्द में 'इया' क्या है ? 1

(क) उपसर्ग (ख) प्रत्यय

(ग) विशेषण (घ) अव्यय

IV) प्रकृति को किस रूप में प्रस्तुत किया गया है ? 1

(क) दुल्हन (ख) आनंद

(ग) संदेशवाहक (घ) मेहमान

(ब) रिक्त स्थान को भरें :– (2x1 =2)

I) भगवान के डाकिए एक ......... से दूसरे महादेश जाते है। 1

II) एक देश की धरती ............. को सुगंध भेजती है। 1

(स) I) भगवान के डाकिए कहाँ से कहाँ तक जाते है और क्या–क्या बाँचते है ? 2

II) इस काव्यांश में कवि क्या कहने का प्रयास किये हैं ? 2

## खण्ड – ख (व्यावहारिक व्याकरण)

3) सही विकल्प को चुनें :– (10x1=10)

I) 'पक्षी आकाश में उड़ रहे है। 'क्रिया के भेद के नाम बतावें।

(क) सकर्मक (ख) अकर्मक

(ग) द्विकर्मक (घ) प्रेरणार्थक

II) 'ड्राइवर' बस चला रहा है। 'निम्न में से कौन–सा क्रिया भेद है?

(क) सकर्मक (ख) अकर्मक

(ग) प्रेरणार्थक (घ) द्विकर्मक

III) 'मोहन घर जाता है।' इस वाक्य में कौन क्रिया पद है?

(क) मोहन (ख) घर

(ग) जाता है (घ) आता है।

IV) 'खिलौना किसने तोड़ा'? क्रिया पद बतावें।

(क) तोड़ा (ख) खिलौना

(ग) तोड़ना (घ) किसने

V) निम्न में से कौन 'अंबर' का अनेकार्थी शब्द नहीं है?

(क) वस्त्र (ख) आकाश

(ग) कपास (घ) धरती

VI) 'कृष्ण' का अनेकार्थी शब्द नहीं है?

(क) उजला (ख) काला

(ग) श्रीकृष्ण (घ) पंद्रह दिनों का पक्ष

VII) निम्न में 'मित्र' का सही अर्थ है –

(क) अरि (ख) दोस्त

(ग) प्रेम (घ) धन

VIII) निम्न में कौन–सा 'कनक' का सही अर्थ नहीं है?

(क) गेहूँ (ख) सोना

(ग) धतूरा (घ) कंगन

IX) 'यही छात्र कक्षा में प्रथम आया है।' यह निम्न में से कौन–सा वाक्य है?

(क) सरल (ख) मिश्र

(ग) संयुक्त (घ) उपवाक्य

X) 'हमारा उद्देश्य रहता है कि हम आत्म–निर्भर हो।' निम्न में से कौन–सा वाक्य है?

(क) संयुक्त (ख) मिश्र

(ग) सरल (घ) उपवाक्य

4) रिक्त स्थानों की पूर्ति अव्यय पदों से कीजिए :– (6x1=6)

I) रमेश कल ........... आएगा।

II) पिता .......... पुत्र धूमने जा रहे हैं।

III) पहला प्रश्न कीजिए ......... दूसरा।

IV) खूब मन लगाकर पढ़ो ......... परीक्षा में प्रथम आओ।

V) मैंने पुकारा ............. तुमने सुना नहीं।

VI) वह जल्दी चला गया .......... ट्रेन पकड़ सका।

5) वाक्य किसे कहते हैं? तथा रचना के आधार पर वाक्य के भेदों का नाम लिखें। 4

## खण्ड – ग (पाठ्य पुस्तकें)

6) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिएः–

आज पीछे मुड़कर देखती हूँ तो इतना तो समझ में आता ही है। क्या तो उस समय मेरी उम्र थी और क्या मेरा भाषण रहा होगा। यह तो डॉक्टर साहब का स्नेह था जो उनके मुँह से प्रशंसा बनकर बह रहा था, या यह भी हो सकता है कि आज से पचास साल पहले अजमेर जैसे शहर में चारों ओर से उमड़ती भीड़ के बीच एक लड़की का बिना किसी संकोच और झिझक के यों धुआँधार बोलते चले जाना ही उनके मूल में रहा हो। पर पिताजी! कितनी तरह के अंतर्विरोधों के बीच जीते थे वे। एक ओर 'विशिष्ट' बनने और बनाने की प्रबल लालसा तो दूसरी ओर अपनी सामाजिक छवि के प्रति भी उतनी ही सजगता।

प्रश्न I) इस गद्यांश की लेखिका कौन है? 1

(क) महादेवी वर्मा (ख) मन्नू भंडारी

(ग) आशापूर्णा देवी (घ) चपला देवी

II) लेखिका के पिताजी कितनी तरह के और किन–किन अंतर्विरोधों में जी रहे थे? 2

III) यहाँ किस डॉक्टर साहब का जिक्र है और उन्होंने किसकी प्रशंसा की? 2

IV) लेखिका कितने दिन पहले और कहाँ के भाषण की चर्चा कर रही है? 2

7) निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– 2X4 = 8

(क) लेखक ने फादर बुल्के को 'मानवीय करूणा की दिव्य चमक' क्यों कहा है?

(ख) कैप्टन मूर्ति का चश्मा क्यों बार–बार बदल देता है? पठित पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(ग) बालगोबिन भगत की दिनचर्या लोगों के लिए अचरज का कारण क्यों थी?

(घ) 'नौबत खाने में इबादत' पाठ का संदेश क्या है?

8) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिएः–

विकल विकल, उन्मन थे उन्मन
विश्व के निदाघ के सकल जन,
आए अज्ञात दिशा से अनंत के धन!
शीतल कर दो–
बदल, गरजो!

प्रश्न I) उपर्युक्त काव्यांश के कवि का नाम क्या है? 1

(क) गिरिजाकुमार माथुर (ख) ऋतुराज

(ग) नागार्जुन (घ) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

II) कौन विकल और अनमने थे तथा क्यों? 2

III) कवि बादल से क्या प्रार्थना करता है? 2

IV) यह काव्यांश किस कविता से लिया गया है? इसमें 'निदाघ' किसका प्रतीक है? 2

9) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–2X4=8

(क) गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या होना चाहिए?

(ख) कविता में बादल किन–किन अर्थों की ओर संकेत करता है?

(ग) माँ को अपनी बेटी 'अंतिम पूँजी' क्यों लगा रही है?

(घ) बच्चे की दंतुरित मुस्कान का कवि के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

10) प्रश्न– आपके विचार से भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है? 5

**अथवा**

झिलमिलाते सितारों की रोशनी में नहाया गंतोक लेखिका को किस तरह सम्मोहित कर रहा था?

## खण्ड – घ (रचना लेखन)

11) दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबंध लिखें :– 5

(I) मेरा राज्य : झारखण्ड –

(संकेत बिन्दु : परिचय, सीमा, निवासी, साधन)

(II) जीवन में खेलकूद का महत्व

(संकेत बिन्दु : महत्व, लाभ, व्यक्तित्व का विकास, मनोरंजन)

(ग) बेरोजगारी :– समस्या और समाधान

(संकेत बिन्दु : भूमिका, कारण, दुष्परिणाम, समाधान)

12) अपने भाई के विवाह में शामिल होने के लिए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए। 5

**<u>अथवा</u>**

विगत कुछ दिनों से आपके क्षेत्र में अपराध बढ़ गये है। उनकी रोकथाम के लिए थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए।

14) सड़क सुरक्षा हेतु एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार करें। 5

**<u>अथवा</u>**

पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

# MODEL QUESTION

**SET –I** **Secondary**

## English

Full Marks : 90

**(Class Xth**

**General Instructions :**

1. This Question paper is divided into three sections.
   Section A - Reading : 24 Marks
   Section B - Writing and Grammar : 34 Marks
   Section C - Literature Text Book : 32 Marks
2. All questions are compulsory.
3. Figures in the margin indicate full marks.
4. Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

**Section – A**

**(Reading) Marks : 24**

I. **Read the passage given below and answer the questions that follow :**

Most of the girls belonging to poor families do not go to schools in rural areas. When asked, their parents would say that they want their daughters to be educated. They stay at home because their parents believe that the kind of education is not appropriate for their daughters, or because they feel the risks are too great. Those risks are real. Girls are sexually harassed sometimes by their fellow students or teachers or by strangers as they walk down to school. These pressures are central to low enrolment and retention of girls. Poverty also plays its part. If their clothes are torn, girls from poor families will stay at home. In such cases they are forced by the demands of modesty and propriety.

**Questions :**

1. Most of the poor girls do not go to school in 1

   a) Rural areas b) Urban areas c) Desert areas d) None of these
2. Why do girls not go to school in rural areas regularly? 2
3. What causes harassment to the school going girls? 2
4. What role does poverty play in the education of girls? 2

**Complete the following :**

5. These pressures are central ………….. 1
6. They stay at home because ……………. 1
7. If clothes are torn, girls from poor families ……… 1
8. In such cases they are forced …………….. 1

II. Read the following passage and answer the questions that follow :

Cable TV has come to stay. It has got a 'corner' in most urban homes today. For some, it is a symbol of social status, for others, a necessity for keeping in tune with the times. Parents have realised that the cable has become a power in itself. For although it is slowly wearing off the charm still remains So it is no longer a craze, but it is now a natural thing.

The effect of Cable TV on children is too strong to be ignored. Children can be heard discussing an 'extra channel' with school friends, who see TV at home. Films, star plus serials and the latest hot numbers of music TV are discussed among children. They are getting more and more 'star' struck.

Cable TV brings a new world of sheer entertainment and awareness of a new

culture to our homes. It has exposed the young to a foreign culture also. More and more information, constant viewing of an unknown culture and access to adult shows are powerful problems. The academic routine, absence of sports, reading and other creative hobbies are disturbed. The price is thus heavy to be paid for viewing cable TV.

**Questions :**

9. Cable TV brings a new world of sheer …………. to a new culture to our homes. 1

   a) Entertainment and awareness   b) Awareness and entertainment
   c) Knowledge and Film   d) None of these

**Complete the following :**

10. Cable TV has become a symbol of …………… 1

11. Parents have realised …………… 1

12. They are getting more ………………….. 1

13. The academic routine, absence of sports, reading and other ………… 1

14. Give two reasons why cable TV has become a craze? 2

15. What do children mostly discuss? 2

16. Find the words from the passage which mean the following : 2

   a) of the cities   b) continuous

17 Make verbs of the following nouns- 2

   a) information   b) discussion

## Section – B

### Writing & Grammar Marks : 34

18. Write a letter to the Editor of a leading newspaper about the electric breakdown in your area. (In about 150 words) 5

**OR**

Write an application to the Headmaster of your school asking him to make more books available in the school library.

19. Write a paragraph in about 150 words on any one of the following topics : 5

   a) The season you like most   b) Value of games & sports
   b) My Birthday Party.

III. **Choose the correct option and answer the following questions :**

20. When the subject is the agent or doer of the action, the verb is in the ……… 1

   a) Active voice   b) Passive voice
   c) Normal voice   d) None of these

21. He ……….. this place last month. 1

   a) visits   b) visit   c) visited   d) None of these

22. She worked hard so that she ………… pass. 1

   a) may   b) must   c) ought   d) None of these

23. I ……….. speak three languages. 1

   a) could   b) can   c) need   d) None of these

24. It ………. rain today. 1

a) ought b) may c) must d) None of these

25. She ………. hundred rupees from me. 1

a) borrowed b) is borrowing c) was borrowed d) None of these

26. Children ……… noise in the class when the teacher is absent from the class. 1

a) make b) were making c) made d) None of these

27. Indirect speech of He said to me, "I am writing a letter" is 1

a) He told me that he was writing a letter
b) He told me that he is writing a letter
c) He told me that he will be writing a letter
d) None of these

28. Passive voice of "Ram killed a tiger" is 1

a) A tiger killed Ram b) Ram kills a tiger
c) A tiger was killed by Ram d) None of these

29. Comparative degree of 'He is as strong as you' is 1

a) You are stronger than me b) He is stronger than me
c) You are not stronger than he d) None of these

30. The complex form of 'He confessed his guilt' is 1

a) He confessed that he was guilty b) He did confess his guilt
c) He had confessed his guilt d) None of these

31. Remove 'too' in the sentence 'You are too lazy to work' is 1

a) You are so lazy that you cannot work. b) You are very lazy
c) You are not lazy d) None of these

32. The compound form of 'Inspite of hard work, he failed' is 1

a) He worked hard and failed. b) He worked hard but failed.
c) He worked hard so he failed. d) None of these

33. The transformation of 'He is honest' into a negative sentence is 1

a) He is not dishonest. b) He is not honest.
c) He is dishonest. d) None of these

34. The interrogative form of 'It cannot be true' is 1

a) Will it be true? b) Can it be true?
c) Cannot it be true? d) None of these

35. 'John is reading a novel' is an example of' 1

a) Past tense b) Present continuous
c) Future tense d) None of these

36. 'My brother has not come yet' is an example of 1

a) Past tense b) Present perfect tense
c) Future tense d) None of these

37. The English ……….. India till 1947. 1

a) had left b) left c) leaving d) None of these

38. The past perfect of 'eat' is ……………… 1

39. The simple past of 'drink' is …………….. 1

**40. Transform the following sentences as directed in the brackets :** **1×4 =** 4

a) He is too fat to run (Remove 'too')

b) Man is mortal. (Into negative sentence)

c) He said to me, "I have written a letter." (Into indirect speech)

d) He is reading a letter. (Into passive voice)

## Section – C

## Literature Text Book Marks : 32

## (a)PROSE

41. **Read the following passage and answer the questions that follow :** **1×4 =** 4

I started right away at the Montessori nursery school. I stayed there until I was six, at which time I started in the first form. In the sixth form my teacher was Mrs. Kuperus, the headmistress. At the end of the year we were both in tears as we said a heartbreaking farewell.

In the summer of 1941 grandma fell ill and had to have an operation, So my birthday passed with little celebration.

Grandma died in January, 1942. No one knows how often I think of her and still love her. This birthday celebration in 1942 was intended to make up for the other and grandma's candle was lit along with the rest.

**Questions :**

a) Who is the speaker of these lines ?

b) Why did the speaker and the headmistress have tears?

c) Why was the speaker's birthday not celebrated?

d) Find a word from the passage which means 'meant for'.

42. What was Lencho's feelings when the hail stopped? 2

43. Answer the following question.

Was Anne an intelligent girl? Comment. 5

**OR**

Who invites the comments – " He is dressed like a Pader." Why?

## (b) POETRY

44. Read the extract given below and answer the questions that follow : **1×4 =** 4

He hears the last voice at night
The patrolling cars.
And stares with his brilliant eyes
At the brilliant stars.

a) Name the poem from where this extract has been taken.

b) Who has written these lines?

c) What do the patrolling cars do?

d) At what does he look at night?

45. Answer the following questions.

How does the boy feel at the loss of his ball? 2

**OR**

What happened when the dust of snow fell on the poet?

46. How does Amanda describe her life as an orphan? 4

**OR**

Why does the poet feel more at home with the animals than humans?

## (C) SUPPLEMENTARY

47. Who was Griffin? 2

48. Why is Mrs. Pumphrey worried about Tricki? 4

**OR**

Why was Matilda unhappy.

49 Give a Character sketch of Anil? 5

**OR**

Griffin was rather a lawless person. Comment.

**SET - I**
मॉडल प्रश्न–पत्र
दशम वर्ग **(Class X)**
गणित **(Mathematics)**
कुल प्रश्नों की संख्या : **49**
समय : 3 घंटे
पूर्णांक – 90

**<u>सामान्य निर्देश</u>**

**1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

**2. इस प्रश्न पत्र में 49 चार खण्डों A, B, C और D में विभाजित है। खण्ड A में 30 प्रश्न प्रत्येक 01 अंक का, खण्ड B में 10 प्रश्न प्रत्येक 02 अंकों का, खण्ड C में 05 प्रश्न प्रत्येक 4 अंकों का तथा खण्ड D में 04 प्रश्न प्रत्येक 5 अंकों का है।**

**3. रचना के उत्तर में केवल अंकन दें।**

**4. प्रश्नों के उत्तर प्रश्नों के साथ दिए गए निर्देश के आलोक में ही दें।**

**5. सभी रफ कार्य प्रश्न–सह–उत्तरपुस्तिका के अंत में दिए गए पृष्ठों पर कीजिए, अन्यत्र कहीं नहीं।**


## खण्ड – A

**(प्रश्न संख्या 1 से 30 तक प्रत्येक 1 अंक का है)**

प्रश्न 1. निम्न में 120 का अभाज्य गुणनखण्डों के गुणनफल कौन है ?

(A) $2^3\times3\times5$ (B) $2^2\times3\times5$ (C) $2\times3\times5$ (D) $2\times3^2\times5$

प्रश्न 2. किसी बहुपद $p(x)$ के लिए $y = p(x)$ का ग्राफ नीचे आकृति में दिया गया है। ग्राफ से बहुपद $p(x)$ के शून्यकों की संख्या क्या होगा ?




(A) 0 (B) 3 (C) 2 (D) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 3. निम्न में द्विघात समीकरण कौन है।

(A) $(x+1)^2 = 2(x-3)$ (B) $(x+2)^3 = 2x(x^2-1)$

(C) $(x^2+3x+1) = (x-2)^2$ (C) इनमें से सभी

प्रश्न 4. $\frac{\sin 18^0}{\cos 72^0}$ का मान क्या है ?

(A) 2 (B) 0 (C) 2 (D) 3

प्रश्न 5. समांतर श्रेणी $3, 1, -1, -3..........$ के लिए सार्व अंतर इनमें से कौन है ?

(A) -2 (B) 2 (C) 0 (D) 4

प्रश्न 6. R त्रिज्या वाले वृत्त का परिमाप क्या होगा ?

(A) $\pi R$ (B) $\pi R^2$ (C) $2\pi R$ (D) $2\pi R^2$

प्रश्न 7. सभी वृत्त क्या होते हैं ?

(A) सर्वांगसम (B) समरुप (C) सर्वांगसम और समरुप दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 8. 12, 15 और 21 का ल0स0 (LCM) क्या होगा ?

(A) 520 (B) 420 (C) 220 (D) 320

प्रश्न 9. द्विघात बहुपद क्या होगा, जिसके शून्यकों के योग तथा गुणनफल क्रमशः 1 और 1 है।

(A) $x^2-x+1$ (B) $2x^2-x+1$ (C) $-x^2+2x+1$ (D) $3x^2-2x+1$

प्रश्न 10. $t^2-15$ का निम्न में से शून्यकों क्या है।

(A) 15, 15 (B) $-\sqrt{15},\sqrt{15}$ (C) $\sqrt{15},\sqrt{15}$ (D) $\sqrt{14},\sqrt{15}$

प्रश्न 11. निम्न में से द्विघाती सूत्र कौन है ?

(A) $\frac{-b\pm\sqrt{b^2-4ac}}{2a}$ (B) $\frac{b\pm\sqrt{b^2-4ac}}{2a}$

(C) $\frac{-b\pm\sqrt{b^2-4ac}}{2}$ (D) $\frac{-b\pm\sqrt{b^2-4ac}}{a}$

प्रश्न 12. यदि D = 0 अर्थात विवित्कर (Discriminant) शून्य (0) हो, तो इनमें से मूल क्या होगा ?

(A) बराबर और वास्तविक (B) वास्तविक और असमान

(C) असमान और काल्पनिक (D) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 13. यदि कर्ण$^2$ = (लम्ब)$^2$ + (आधार)$^2$ हो तो वह कैसा त्रिभुज है ?

(A) समबाहु त्रिभुज (B) विषमबाहु त्रिभुज

(C) समद्विबाहु त्रिभुज (D) समकोण त्रिभुज

प्रश्न 14. दो बिन्दुओं $A(x_1,y_1)$ और $B(x_2,y_2)$ के बीच की दूरी क्या है ?

(A) $\sqrt{(x_1-x_1)^2+(y_2-y_1)^2}$ (B) $\sqrt{(x_2+x_1)^2+(y_2+y_1)^2}$

(C) $\sqrt{(x_2-x_1)^2-(y_2-y_1)^2}$ (D) $\sqrt{(x_2-x_1)+(y_2-y_1)}$

प्रश्न 15. Sin $30^0$ का मान क्या है ?

(A) 0 (B) 1 (C) $\frac{1}{2}$ (D) $\frac{\sqrt{3}}{2}$

प्रश्न 16. $\sin(90-\theta)$ बराबर क्या होता है ?

(A) $Tan\theta$ (B) $Cos\theta$ (C) $Sec\theta$ (D) $Co\sec\theta$

प्रश्न 17. $a$ भुजा वाले घन का आयतन क्या होता है ?

(A) $a^3$ (B) $a^2$ (C) $a$ (D) $4a^2$

प्रश्न 18. इनमें ये शंकु का आयतन कौन है ?

(A) $\pi rl$ (B) $\frac{1}{3}\pi r^2h$ (C) $\frac{1}{3}\pi rh$ (D) $\frac{1}{2}\pi r^2h$

प्रश्न 19. वर्ग अंतराल 10–25 का वर्ग चिन्ह क्या होगा ?

(A) 17 (B) 17.5 (C) 18 (D) 18.5

प्रश्न 20. निम्नलिखित में से कौन सी संख्या किसी घटना की प्रायिकता नहीं हो सकती है ?

(A) $\frac{2}{3}$ (B) 1.5 (C) 15% (D) 0.7

**<u>प्रश्न संख्या 21 से 30 तक रिक्त स्थानों को भरें</u>**

प्रश्न 21. एक प्राकृत संख्या का अभाज्य गुणनखंडन उसके गुणनखंडों के क्रम को छोड़ते हुए ...................... होता है। (अद्वितीय, अनेक)

प्रश्न 22. $\sqrt{2}$ ............................ संख्या है। (अपरिमेय, परिमेय)

प्रश्न 23. जब $\frac{a_1}{a_2} \neq \frac{b_1}{b_2}$ हो तो हमें ........................................ हल प्राप्त होता है। (अद्वितीय, अनेक)

प्रश्न 24. $ax^2+bx+c=0$ हो तो विवित्कर (Discrimenant) D = ........................................ होता है। ($b^2-4ac$, $b-4ac$)

प्रश्न 25. $ax^2+bx+c$ को ........................................ कहते है। (द्विघात बहुपद, द्विघात समीकरण)

प्रश्न 26. यदि $b^2-4ac=0$ हो तो मूल ........................................ होते है। (वास्तविक, काल्पनिक)

प्रश्न 27. किसी संख्या की ऐसी सूची जिसमें प्रत्येक पद का सार्व अंतर समान हो तो उसे.............................. कहते हैं। (समांतर श्रेढ़ी, गुणोत्तर श्रेढ़ी)

प्रश्न 28. सभी ................................त्रिभुज समरुप होते हैं। (समबाहु, समद्विबाहु)

प्रश्न 29. $\text{Tan}(90-\theta)$ ........................................ होता है ? ($\text{Cot}\,\theta$, $Sec\theta$)

प्रश्न 30. घटना E की प्रायिकता + घटना ' E नहीं ' की प्रायिकता = .............................. है। (1, 0)

**खण्ड – B**

**(प्रश्न संख्या 31 से 40 तक प्रत्येक 2 अंक का है)**

प्रश्न 31. यदि H.C.F. (306, 657) = 9 दिया है तो L.C.M. (306, 657) ज्ञात कीजिए।

प्रश्न 32. $x^2-2x-8$ द्विघात बहुपदों का शून्यक ज्ञात करें।

प्रश्न 33. ABC एक समद्विबाहु त्रिभुज है जिसमें AC = BC है। यदि $AB^2=2AC^2$, तो सिद्ध करें ABC एक समकोण त्रिभुज है।

प्रश्न 34. यदि $SinA=\frac{3}{4}$ तो $CosA$ का मान ज्ञात कीजिए।

प्रश्न 35. एक बिन्दु Q से एक वृत्त पर स्पर्श रेखा की लम्बाई 24cm तथा Q की केन्द्र से दूरी 25cm है, तो वृत्त की त्रिज्या ज्ञात करें।

प्रश्न 36. बिन्दु A और B का नियामक क्रमशः (2, 3) और (4, 1) है, उसके बीच की दूरी ज्ञात करें।

प्रश्न 37. किसी गेंदबाज द्वारा 10 क्रिकेट मैंचों में लिए गए विकेटों की संख्याएँ निम्नलिखित है :–

2, 6, 4, 5, 0, 2, 1, 3, 2, 2, 3 इन आँकड़ों का बहुलक ज्ञात करें।

प्रश्न 38. यदि बहुलक = 10, माध्य = 10 तो माध्यक ज्ञात करें।

प्रश्न 39. यदि P(E) = 0.05 है, तो 'E नहीं' की प्रायिकता क्या है ?

प्रश्न 40. एक चित्त प्राप्त करने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए, जब एक सिक्के को एक बार उछाला जाता है। साथ ही एक पट प्राप्त करनें की भी प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

## खण्ड – C
**(प्रश्न संख्या 41 से 45 तक प्रत्येक 4 अंक का है)**

प्रश्न 41. विभाजन एल्गोरिथ्म का प्रयोग करके $P(x)$ को $g(x)$ से भाग देनें पर भागफल तथा शेषफल ज्ञात करें।

$P(x) = x^2 - 3x^2 + 5x - 3,\ g(x) = x^2 - 2$

**अथवा**

सिद्ध करें कि $5 - \sqrt{3}$ एक परिमेय संख्या है।

प्रश्न 42. बज्र गुणन विधि से हल करें।

$x - 3y = 7 \quad 3x - 3y = 15$

प्रश्न 43. A.P, 3, 8, 13, 18 ..................का कौन सा पद 78 है।

प्रश्न 44. सिद्ध करें कि $\sqrt{\frac{1 + SinA}{1 - SinA}} = secA + \tan A$

प्रश्न 45. आधार 8cm तथा ऊँचाई 4cm के एक समद्विबाहु त्रिभुज की रचना कीजिए और फिर अन्य त्रिभुज की रचना कीजिए, जिसकी भुजाएँ इस समद्विबाहु त्रिभुज की संगत भुजाओं की $1\frac{1}{2}$ गुनी हो।

**अथवा**

एक घड़ी की मिनट की सुई जिसकी लम्बाई 14cm है। इस सुई द्वारा 5 मिनट में रचित क्षेत्रफल ज्ञात करें।

## खण्ड – D
**(प्रश्न संख्या 46 से 49 तक प्रत्येक 49 अंक का है)**

प्रश्न 46. द्विघात समीकरण $2x^2 - 3x + 5 = 0$ का विवित्कर मूलों की प्रकृति तथा द्विघाती सूत्र का उपयोग कर मूल ज्ञात करें।

प्रश्न 47. आँधी आने से एक पेड़ टूट जाता है और टूटा हुआ भाग इस तरह मुड़ जाता है कि पेड़ का

शिखर जमीर को छूने लगता है और इसके साथ $30^0$ का कोण बनाता है। पेड़ के पाद–बिन्दु की दूरी, जहाँ पेड़ का शिखर जमीन को छुता है 8m है, तो पेड़ की ऊँचाई ज्ञात करें।

**अथवा**

भूमि के एक बिन्दु से 20m ऊँचे भवन के शिखर पर लगी एक मीनार के तल और शिखर के उन्नयन कोण क्रमशः $45^0$ और $60^0$ है। मीनार की ऊँचाई ज्ञात करें।

प्रश्न 48. सिद्ध करे कि एक समकोण त्रिभुज में कर्ण का वर्ग शेष दो भुजाओं के वर्गों के योग के बराबर होता है।

प्रश्न 49. पानी पीने वाला एक गिलास 14cm ऊँचाई वाले एक शंकु के छिन्नक के आकार का है। दोनों वृत्ताकार सिरों का व्यास 4cm और 2cm है। इस छिन्नक की धारिता ज्ञात करें।

**अथवा**

निम्न आँकड़ों से माध्य ज्ञात कीजिए ।

| वर्ग अंतराल | 10 – 25 | 25 – 40 | 40 – 55 | 55 – 70 | 70 – 85 | 85 - 100 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 2 | 3 | 7 | 6 | 6 | 6 |

# MODEL QUESTION

**SET –I**

**Secondary**
**Class X**

## विज्ञान
## Subject- Science

पूर्णांक : ८०
Full Marks : 80

कुल प्रश्नों की संख्या
Total No. of Question 18+09=27

**(सामान्य निर्देश)**
**General Instructions**

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
   Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.
2. इस प्रश्नपत्र में दो ग्रुप **'A'** एवं **'B'** हैं एवं दोनों ग्रुपों के सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

   i) **ग्रुप A** (भौतिकी एवं रसायन)
   ii) **ग्रुप B** (जीव विज्ञान)

**Group –A Physics & Chemistry**
**ग्रुप–A (भौतिकी एवं रसायनशास्त्र)**

**बहुविकल्प प्रश्न सही उत्तर का चयन करें।**
**Select the correct option of questions following.**

1 (i) प्रकाश की किरणें गमन करती है– Light travels in 1

(क) सीधी रेखा में Straight line (ख) टेढ़ी रेखा में Zig-Zag Way

(ग) किसी भी दिशा में In any direction (घ) उपर्युक्त सभी All of these

(ii) निर्वात में प्रकाश की चाल होती है– (Speed of light in vaccum) 1

(क) $3 \times 10^8 m/\sec$ (ख) $3 \times 10^8 cm/\sec$

(ग) $3 \times 10^8 km/\sec$ (घ) $3 \times 10^8 mm/\sec$

(iii) स्पष्ट देखने की न्यूनतम दूरी (Near point of an object to see clearly is 1

(क) २५ मीटर/meter (ख) २५ सेमी/cm

(ग) २५ इंच/inch (घ) १०० सेमी/cm

(iv) धारा मापने के यंत्र को कहते है– (Device use to measure current is) 1

(क) ऐमीटर Ammeter (ख) वोल्टमीटर Voltameter

(ग) थर्मामीटर thermometer (घ) मोनोमीटर Monometer

(v) $\frac{V}{I}$ का अनुपात कहलाता है।

The ratio is $\frac{V}{I}$ known as- 1

(क) प्रतिरोध Resistance (ख) चालकता Conductance

(ग) विभव Potential (घ) विभांतर Potential difference

2 (i) $Fe_2O_3 + 2Al \rightarrow Al_2O_3 + 2Fe$ दी गयी अभिक्रिया किस प्रकार की है : 1

$Fe_2O_3 + 2Al \rightarrow Al_2O_3 + 2Fe$ given chemical reaction is of which type

(क) संयोजन अभिक्रिया Combination reaction
(ख) वियोजन अभिक्रिया Decomposition reaction
(ग) द्विविस्थापन अभिक्रिया Double displacement reaction
(घ) विस्थापन अभिक्रिया Displacement reaction

(ii) सिरका में कौन सा अम्ल पाया जाता है

Which acid is found in vinegar 1

(क) ऐसीटिक अम्ल Acetic Acid
(ख) लैक्टिक अम्ल Lactic acid
(ग) सिट्रिक अम्ल Citric acid
(घ) टॅाटरिक अम्ल Tartaric acid

(iii) साधारण नमक का सूत्र है : (Formula of common Salt is) 1

(क) *Nacl*
(ख) *H B*
(ग) *Hcl*
(घ) *NaoH*

(iv) किसी विलयम का PH का मान 5 है, वह क्या होगा? 1

If PH of a solution is 5, then it is

(क) अम्ल Acid
(ख) क्षार Base
(ग) लवण Salt
(घ) कोई नहीं None of these

(v) $CaOcl_2$ यौगिक का प्रचलित नाम क्या है? 1

$CaOcl_2$ is commonly known as ?

(क) विरंजक चूर्ण Bleaching powder
(ख) धोने का सोडा Washing soda
(ग) बेकिंग सोडा Baking Powder
(घ) इनमें से कोई नहीं None of these

**खाली स्थानों को भरें – Fill in the blanks-**

3 एक अवतल दर्पण की वक्रता त्रिज्या R है तो उसकी फोकस दूरी f = ......... होगी 1

If the radius of curvature of a concave mirror is R then its focal distance will be f = ……….

4 आवेश का SI मात्रक ................ है। The SI unit for charge is ………….. 1

5 एल्केन का सामान्य सूत्र ........... है– The General formula of Alkane is ………… 1

6 अम्ल और क्षार के बीच अभिक्रिया को ............. अभिक्रिया कहते हैं– 1

The reaction between acid and base is known as ………….. reaction.

7 प्रकाश के परावर्तन के नियम को लिखें। Write laws of reflection. 2

8 अवतल दर्पण के किन्हीं दो उपयोग लिखें। 2

Write any two uses of concave mirror.

9 तीन चालक जिनके प्रतिरोध $2\Omega, 4\Omega$ तथा $6\Omega$ है को श्रेणीक्रम में जोड़ा गया है। इनका समतुल्य प्रतिरोध क्या होगा? 2

Three conductor of resistance $2\Omega, 4\Omega$ and $6\Omega$ is connected in series. What will be its equivalent resistance.

10 सोडियम को किरोसिन तेल में डुबों कर क्यों रखा जाता है? 2

Why is Sodium kept immersed in Kerosene oil ?

11 निम्नलिखित समीकरणों को संतुलित कीजिए : 2

Balance the following chemical equation.

*a)* $N_2 + H_2 \to NH_3$

*b)* $Fe + H_2O \to Fe_3O_4 + H_2$

12 एक धातु का नाम अथवा संकेत लिखें जो द्रव अवस्था में पायी जाती है। 1

(i) Write a name or symbol of a metal which exist in liquid state.

(ii) एक ऐसी अधातु का नाम अथवा संकेत लिखें जो विद्युत के सुचालक होती है। 1

Write the name or symbol of a nonmetal which is good conductor of electricity

13 निकट दृष्टिदोष क्या है? इसके क्या कारण है। इसका संशोधन किस प्रकार संभव है। 4

What is short sightedness? What are its reasons? How is its correction possible.

14 ऑक्सीजन के योग या ह्रास के आधार पर उपचयन एवं अपचयन की व्याख्या कीजिए। प्रत्येक के लिए एक उदाहरण दीजिए। 4

Explain oxidation and reduction in terms of gain or loss of oxygen. Mention one example of each.

15 निम्नलिखित का रासायनिक सूत्र लिखें : 4

Write the chemical formula of following.

(A) सोडियम हाइड्रोक्साइड Sodium hydroxide

(B) कैल्सियम ऑक्साइड Calcium Oxide

(C) हाइड्रोजन क्लोराइड Hydrogen Chloride

(D) कॉपर सल्फेट Copper Sulphate

16 दर्पण सूत्र व आवर्धन का सूत्र लिखें। कोई 4.0cm साइज का बिंब किसी 15.0cm फोकस दूरी के अवतल दर्पण से 25cm की दूरी पर रखा गया है। प्रतिबिंब की स्थिति प्रकृति तथा साइज ज्ञात कीजिए। 5

(Write down the lens formula and formula of magnification. An object 4cm in length is placed at a distance of 25cm from a concave mirror of focal length 15cm. Find the position of image, nature and size of image)

17 ओम का नियम लिखें और इसका प्रायोगिक सत्यापन कीजिए। 5

State ohm's law and give its experimental verification.

**अथवा / OR**

पार्श्वक्रम संयोजन किसे कहते हैं? तीन प्रतिरोध $R_1, R_2$ एवं $R_3$ पार्श्वक्रम में संयोजित है दर्शाइए कि उनका समतुल्य प्रतिरोध

$$\frac{1}{R} = \frac{1}{R_1} + \frac{1}{R_2} + \frac{1}{R_3} \text{ है।}$$

What is parallel combination? Three resistors of resistance $R_1, R_2$ and $R_3$ are connected in parallel. Show that their equivalent resistance is

$$\frac{1}{R} = \frac{1}{R_1} + \frac{1}{R_2} + \frac{1}{R_3}$$

18 धातु और अधातु में कोई पाँच अन्तर लिखें। 5

Write any five differences between metals and nonmetals.

**अथवा / OR**

निम्नलिखित यौगिकों के संरचना सूत्र लिखिए।

Write the structural formula of following compounds

(A) इथेनॉइक अम्ल Ethanoic acid (B) मिथेन Methane

(C) प्रोपेन Propane (D) पेन्टेन Pentane

(E) बेन्जीन Benzene

## <u>Group – B (Biology)</u>
## <u>ग्रुप– B (जीवविज्ञान)</u>

19 (i) मनुष्य में वृक्क एक तंत्र का भाग है जो संबंधित है। 1

In human kidney is a part of which organ system.

(क) पोषण Nutrition (ख) श्वसन Respiration

(ग) उत्सर्जन Excretion (घ) परिवहन Circulation

(ii) स्वपोषी पोषण के लिए आवश्यक है : element necessary for autotrophic nutrition. 1

(क) कार्बन डाइऑक्साइड तथा जल Carbon dioxide and water (ख) क्लोरोफिल Chlorophyll

(ग) सूर्य का प्रकाश Sunlight (घ) उपरोक्त सभी All of these

(iii) पादप में जाइलम उत्तरदायी है : 1

In plant xylem is responsible for

(क) जल का वहन transport of water (ख) भोजन का वहन transport of food

(ग) अमीनो अम्ल का वहन transport of amino acid (घ) ऑक्सीजन का वहन transport of oxygen.

(iv) निम्न में से कौन मादा जनन तंत्र का भाग नहीं है? 1

Which of the following are not a part of temail reproductive system.

(क) अंडाशय Ovary (ख) गर्भाशय Uterus

(ग) शुक्रवाहिका Vas deferens (घ) डिंब वाहिनी fallopian tube

(v) उड़हुल किस प्रकार का पुष्प है? 1

What type of flower is china rose?

(क) द्विलिंगी Bisexual (ख) एक लिंगी Unisexual

(ग) दोनो Both (घ) इनमें से कोई नहीं None of these

**खाली स्थान को भरें – Fill in the blanks-**

20 .................. और ................ जीवाश्म इंधन के उदाहरण हैं। 1

………. and ………. are examples of fossil fuels.

21 रक्त के कोई दो कार्य लिखें। 2

Write any two functions of blood.

22 दो ऐसे जंतुओं का नाम लिखिए जिसमें वाह्य निषेचन होता है। 2

Name two such animals where external fertilization takes place.

23 धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, कैसे? 2

How is smoking injurious to health ?

24 लैंगिक जनन के कोई दो लाभ लिखें? 2


Write any two advantages of sexual reproduction?

25 स्वयंपोषी तथा विषमपोषी पोषण में कोई चार अन्तर लिखें। 4

Write any for differences between autotrophic and heterobophic nutrition?

26 दिए गए चित्र में [1] और [2] को नामांकित करें तथा [2] के कोई दो कार्य लिखें। 4

Label [1] and [2] in the given figure and write any two function of [2].




27 मानव उत्सर्जन तंत्र का नामांकित चित्र बनाइए। 5

Draw a labeled diagram of human excretory system.

**अथवा / OR**

आनुवंशिकी का मानव कल्याण से क्या संबंध है।

What is the relation of Genetics with human welfare.

सेट–I

# Model Question Paper

## प्रारूप प्रश्न–पत्र

सत्र–2020–2021

विषय : सामाजिक विज्ञान

कक्षा : 10 (Xth)

पूर्णांक – 90

समय : 3 घंटे

## सामान्य निर्देश

1. परीक्षार्थी यथा संभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. इस प्रश्न पत्र में चार इकाई है एवं सभी इकाई के सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| i- | इकाई –I | इतिहास | : | 23 अंक |
| ii- | इकाई –II | भूगोल | : | 23 अंक |
| iii- | इकाई –III | नागरिकशास्त्र | : | 22 अंक |
| iv- | इकाई –IV | अर्थशास्त्र | : | 22 अंक |

3. प्रश्न के स्वरूप निम्न होंगे :–
   (क) बहुविकल्प/रिक्त स्थान की पूर्ति करें
   (ख) अति लघुप्रश्न
   (ग) लघु प्रश्न
   (घ) दीर्घ प्रश्न
4. 02 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों में दीजिए।
   04 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर 150 शब्दों में दीजिए।
   05 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर 200–250 शब्दों में दीजिए।

## इकाई– I इतिहास

**बहुविकल्प प्रश्न। (01 अंक) सही उत्तर चयन करें।**

1. ''सामाजिक उपबंध'' नामक पुस्तक के लेखक कौन थे ? 1

(A) रूसो (B) मॉन्तेस्क्यू

(C) दिदरो (D) ज्या लॉक

2. जालियाँवाला बाग की घटना कब हुई ? 1

(A) 8 अप्रैल 1919 ई0 (B) 11 अप्रैल 19919 ई0

(C) 13 अप्रैल 1919 ई0 (D) 25 अप्रैल 1919 ई0

3. ज्युसेपे मेत्सिनी का जन्म कब हुआ ? 1

(A) 1802 ई0 (B) 1810 ई0

(C) 1812 ई0 (D) 1807 ई0

4. साइमन कमीशन भारत कब पहुँचा ? 1

(A) 1925 ई0 (B) 1930 ई0

(C) 1928 ई0 (D) 1927 ई0

5. रिंडरपेस्ट क्या था? 1

(A) मच्छली रोग (B) पुष्प रोग

(C) पशु रोग (D) इनमें से कोई नहीं

6. प्रथम विश्व युद्ध कब हुआ। 1

(A) 1916 से 1920 (B) 1914 से 1918

(C) 1939 से 1945 (D) 1912 से 1918

**कोष्ठक में से सही शब्द को चुनकर रिक्त स्थान को भरिए :**

7. स्पिनिंग जेनी मशीन का अविष्कार ............. ने किया। 1

( रिचर्ड आर्कराइट, जेम्स हरग्रीब्ज)

8. गाँधी–इरविन समझौता ............... को हुआ। 1

(5 मार्च 1931, 5 मार्च 1930)

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (02 अंक : 40 शब्दों में उत्तर दें)**

9. कल्पनादर्श (यूटोपिया) क्या है? 2

10. पिकेटिंग से क्या समझते हैं? 2

**लघु उत्तरीय प्रश्न (04 अंक : 150 शब्दों में उत्तर दें)**

11. 17वीं सदी में यूरोपीय शहरों के सौदागर गाँवों में किसानों और कारीगरों से काम करवाने लगे। व्याख्या करें? 4

**OR**

खाद्य उपलब्धता पर तकनीक के प्रभाव को दर्शाने के लिए इतिहास से दो उदाहरण दें?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (05 अंक : 200–250 शब्दों में उत्तर दें)**


12. मारीआन और जर्मेनिया कौन थे? जिस तरह उन्हें चित्रित किया गया। उसका क्या महत्व था? 5

**OR**

19वीं सदी के यूरोप में कुछ उद्योगपति मशीनों के बजाय हाथ से काम करनेवाले श्रमिकों को प्राथमिकता क्यों देते थे?

13. दिए गए विश्व के मानचित्र में निम्न स्थानों को दर्शाएँ– 2

( क) अफ्रीका ( ख) सूरत



## इकाई–II भूगोल

**बहुविकल्प प्रश्न। ((01 अंक) सही उत्तर चयन करें।**

14. निम्न में से कौन सी एजेंसी सार्वजनिक क्षेत्र में स्टील को बाजार में उपलब्ध कराती है? 1

(A) हेल (HAIL) (B) सेल (SAIL)

(C) टाटा स्टील (D) एम0एन0सी0सी0

15. भारत का सबसे लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग इनमें से कौन है? 1

(A) 8 (B) 7

(C) 33 (D) 15

16. इनमें से कौन सी रबी फसल है? 1

(A) चावल (B) मोटे अनाज

(C) चना (D) कपास

17. नवीकरण योग्य संसाधन का एक उदाहरण है। 1

(A) सौर ऊर्जा (B) बॉक्साइड

(C) कोयला (D) पेट्रोलियम

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (02 अंक : 40 शब्दों में उत्तर दें)**

18. लाल मिट्टी की रचना कैसी होती है? 2

**लघु उत्तरीय प्रश्न (04 अंक : 150 शब्दों में उत्तर दें)**

19. जलोढ़ मृदा के मुख्य विशेषताओं को लिखें? 4

20. परंपरागत और गैर परंपरागत उर्जा साधन में क्या अंतर है? 4

**OR**

वर्षा जल संग्रहण के क्या उद्देश्य हैं?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (05 अंक : 200–250 शब्दों में उत्तर दें)**


21. जल दुर्लभता क्या है और उसके मुख्य कारण क्या है? 5

**OR**

चावल की खेती के लिए उपयुक्त भौगोलिक परिस्थितियों का वर्णन करें?

22. दिए गए भारत के मानचित्र में निम्नांकित को दर्शाएँ– 2

(I) लाल मिट्टी (II) चाय




23. दिये गये भारत के मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और क,ख द्वारा प्रदर्शित जगहों को पहचान कर नामांकित करें 2




## इकाई–III नागरिकशास्त्र

**बहुविकल्प प्रश्न। (01 अंक) सही उत्तर चयन करें।**

24. झारखण्ड राज्य का गठन कब हुआ ? 1

(A) 2000 ई० (B) 2001 ई०

(C) 2002 ई० (D) 2003 ई०

25. 1970 और 1993 के मध्य वेल्जियम के संविधान में कितनी बार संशोधन किया गया ? 1

(A) एक (B) तीन

(C) चार (D) पाँच

26. इनमें से कौन गैर–लोकतांत्रिक देश है ? 1

(A) पाकिस्तान (B) भारत

(C) संयुक्त राज्य अमेरिका (D) कोई नहीं

27. भारतीय जनता पार्टी का मुख्य प्रेरक सिद्धांत क्या है? 1

(A) बहुजन समाज (B) क्रांतिकारी लोकतंत्र

(C) सांस्कृतिक राष्ट्रवाद (D) आधुनिकता

28. भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी की स्थापना कब की गई? 1

(A) 1925 ई0 (B) 1927 ई0

(C) 1929 ई0 (D) 1930 ई0

**कोष्ठक में से सही शब्द को चुनकर रिक्त स्थान को भरिए :**

29. श्रीलंका स्वतंत्र राष्ट्र ............ में बना। 1

(सन 1958ई0, सन 1948 ई0)

30. बहुजन समाज पार्टी का गठन ............ में हुआ। 1

(सन 1919ई0, सन 1984 ई0)

31. 22 भाषाओं को भारतीय संविधान की ......... अनुसूची में रखा गया है। 1

(अ ाठवीं, ग्यारहवीं)

32. केन्द्र के साथ राज्य सरकारों की साझी दिलचस्पी वाले विषय ........... के अन्तर्गत आते हैं। 1

(संघ सूची, समवर्ती सूची)

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (02 अंक : 40 शब्दों में उत्तर दें)**

33. सत्ता की साझेदारी से क्या लाभ है? 2

34. सूचना के अधिकार से आप क्या समझते हैं? 2

**लघु उत्तरीय प्रश्न (04 अंक : 150 शब्दों में उत्तर दें)**

35. एक अच्छे लोकतंत्र की मुख्य विशेषताओं को लिखें? 4

**OR**

भारत की संघीय व्यवस्था में वेल्जियम से मिलती–जुलती एक विशेषता और उससे अलग एक विशेषता को बताएँ।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (05 अंक : 200–250 शब्दों में उत्तर दें)**

36. लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के विभिन्न कार्यो की चर्चा करें? 5

**OR**

विकेन्द्रीकरण किसे कहते हैं। इसकी आवश्यकता क्यों पड़ती है। कारण लिखें?

## <u>इकाई–IV अर्थशास्त्र</u>

**<u>बहुविकल्प प्रश्न। ((01 अंक) सही उत्तर चयन करें।</u>**

37. विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कब हुई? 1

(A) 1991 ई0 (B) 1993 ई0

(C) 1992 ई0 (D) 1995 ई0

38. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम कितने जिलों में लागू किया। 1

(A) 100 जिला (B) 150 जिला

(C) 200 जिला (D) 250 जिला

39. रोजगार की परिस्थितियों के आधार पर आर्थिक गतिविधियां कितने क्षेत्रक में बांटा हुआ है? 1

(A) एक (B) दो

(C) तीन (D) कोई नहीं

40. नई आर्थिक नीति कब बनी? 1

(A) 1918 ई0 (B) 1920 ई0

(C) 1919 ई0 (D) 1991 ई0

41. जी0डी0पी0 के पदों में वर्ष 2003 में तृतीयक क्षेत्रक की हिस्सेदारी कितनी है? 1

(A) 70% (B) 20–30%

(C) 30–40% (D) 50–60%

42. वैश्वीकरण ने जीवन स्तर के सुधार में सहायता पहुचाई है? 1

(A) सभी लोगों के (B) विकसित देशों के श्रमिकों के

(C) विकासशील देशों के श्रमिको के (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**कोष्ठक में से सही शब्द को चुनकर रिक्त स्थान को भरिए :**

43. ............ क्षेत्रक के अधिकांश श्रमिकों को रोजगार सुरक्षा प्राप्त होती है? 1

( संगठित/असंगठित)

44. विश्व व्यापार संगठन ............. देशों की पहल पर शुरू हुआ था। 1

( विकासशील, विकसित)

45. तृतीयक क्षेत्रक को ............. भी कहा जाता है। 1

(अ ौद्योगिक क्षेत्रक, सेवा क्षेत्रक)

**अति लघु उत्तरीय प्रश्न (02 अंक : 40 शब्दों में उत्तर दें)**

46. बैंकों में जमा की गई राशि को मांग मुद्रा क्यों कहते हैं? 2

47. सेवा क्षेत्रक किसे कहा जाता है? 2

**लघु उत्तरीय प्रश्न (04 अंक : 150 शब्दों में उत्तर दें)**

48. प्रच्छन्न बेरोजगारी और मौसमी बेरोजगारी में क्या अंतर है? 4

**OR**

क्या कारण है कि बैंक कुछ कर्जदारों को कर्ज देने के लिए तैयार नहीं होते?

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (05 अंक : 200–250 शब्दों में उत्तर दें)**

49. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 का क्या उद्देश्य है? 5

**OR**

विदेशी व्यापार विभिन्न देशों के बाजारों के एकीकरण में किस प्रकार मदद करता है। व्याख्या करें?